समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Wednesday, 23 September 2026

# यूपी मे संरकारी नौकरी की पहली सीढ़ी के लिए नोटिफिकेशन जारी, 14 मई से शुरू होंगे आवेदन।

Publisher

Published on 05 May 2025




**उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की तरफ से PET 2025 का आधिकारिक नोटिफिकेशन जारी किया गया है. परीक्षा के लिए कैंडिडेट्स आधिकारिक साइट पर जाकर पंजीकरण कर सकते है.**

उत्तर प्रदेश में सरकारी नौकरी का सपना देख रहे युवाओं के लिए बड़ी खबर सामने आई है. उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (UPSSSC) ने प्रारंभिक परीक्षा यानी PET 2025 का आधिकारिक नोटिफिकेशन 2 मई 2025 को जारी कर दिया है. यह परीक्षा उन सभी प्रतियोगी परीक्षाओं का आधार होती है, जिनमें UPSSSC भर्ती करता है. रजिस्ट्रेशन करने के लिए उम्मीदवार यहां बताए गए स्टेप्स को फॉलो कर सकते हैं.

अब जो भी उम्मीदवार PET 2025 के लिए आवेदन करना चाहते हैं, वे 14 मई 2025 से 17 जून 2025 तक UPSSSC की आधिकारिक वेबसाइट upsssc.gov.in के जरिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं. वहीं, आवेदन में सुधार और शुल्क जमा करने की अंतिम डेट 24 जून 2025 तय की गई है.

**कौन कर सकता है आवेदन ?**

PET 2025 में शामिल होने के लिए उम्मीदवारों का हाई स्कूल या समकक्ष परीक्षा पास होना जरूरी है. आवेदन के समय तक यदि आपके पास यह योग्यता है, तो आप आवेदन कर सकते हैं. परीक्षा के लिए आवेदन करने वाले कैंडिडेट्स की उम्र सीमा 18 से 40 वर्ष के बीच निर्धारित की गई है, जो 1 जुलाई 2025 को मान्य होगी.

**कितना लगेगा शुल्क ?**

आवेदन करने के लिए कैंडिडेट्स को आवेदन शुल्क देना होगा. सामान्य व ओबीसी वर्ग के उम्मीदवारों को 185 रुपये का शुल्क अदा

करना होगा. जबकि एससी/एसटी वर्ग के उम्मीदवारों को 95 रुपये देंगे होंगे. इसके अलावा दिव्यांगजन (PwBD) उम्मीदवारों को 25 रुपये का शुल्क अदा करना होगा। उम्मीदवार शुल्क का भुगतान डेबिट/क्रेडिट कार्ड, नेट बैंकिंग, यूपीआई या एसबीआई चालान के माध्यम से किया जा सकता है.

ऐसे करें आवेदन

स्टेप 1: पात्र और इच्छुक कैंडिडेट्स सबसे पहले आधिकारिक साइट upsssc.gov.in पर जाएं.

स्टेप 2: इसके बाद होमपेज पर 'UPSSSC PET 2025' लिंक पर क्लिक करें.

स्टेप 3: फिर उम्मीदवार रजिस्ट्रेशन विवरण भरें और सबमिट करें.

स्टेप 4: अब उम्मीदवार लॉगिन कर आवेदन फॉर्म पूरा भरें.

स्टेप 5: इसके बाद उम्मीदवार आवेदन शुल्क का भुगतान करें और फॉर्म सबमिट करें.

स्टेप 6: फिर उम्मीदवार आगे के लिए आवेदन पत्र का प्रिंट जरूर रखें.

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.